**अभ्यास प्रश्नपत्र - 2023**

**कक्षा- 12 वीं** **SET - C**

**विषय- भूगोल**

**समय-3:00 घंटे** **पूर्णांक-70**

**निर्देश :-**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 5 अंक, रिक्त स्थान 6 अंक, सही जोड़ी 5 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक एक शब्द / वाक्य में उत्तर 6 अंक, के प्रश्न होंगे।

(iii) प्रश्न क्र. 6 से 20 तक के सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(iv) प्रश्न क्र. 6 से 13 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्र. 14 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 03अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्र. 18 विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रश्न के लिए 04 अंक आंवटित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्र.19 व 20 विश्व तथा भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 05 अंक आंवटित हैं।

(viii) प्रश्न क्र. 19 व 20 को विश्व तथा भारत के मानचित्र में दर्शाकर उत्तर पुस्तिका में संलग्न कीजिये।

**1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए-** **(1 x 5 =5)**

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा एक लोगों और पर्यावरण के बीच अन्योन्य क्रिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है --

(अ) मानव बुद्धिमता (ब) प्रौद्योगिकी

(स) लोगों के अनुभव (द) मानवीय भाई चारा

(ii) निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिकर्ष कारक नहीं है --

(अ) जल अभाव (ब) बेरोजगारी

(स) चिकित्सा सुविधाएं (द) महामारीयां

(iii) फूलों की कृषि कहलाती है –

(अ) ट्रक फार्मिंग (ब) कारखाना कृषि

(स) मिश्रित कृषि (द) पुष्प उत्पादन

(iv) जनगणना वर्ष 2011के अनुसार निम्नलिखित राज्यों में से सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) उत्तर प्रदेश

(स) बिहार (द) पंजाब

https://www.mpboardonline.com

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा गैरिसन नगर नहीं है -

(अ) जालंधर (ब) दिल्ली

(स) उधमपुर (द) अंबाला

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) नव- निश्चयवाद की संकल्पना ........................................ द्वारा दी गई हैं।

(ii) पृथ्वी पर जनसंख्या.................................. से अधिक है।

(iii) भारतीय संविधान में .............................भाषाएं अनुसूचित हैं।

(iv) शुष्क कृषि में.................................... फसल बोई जाती है।

(v) नीरू मीरू कार्यक्रम............................. राज्य की परियोजना है।

(vi) बिग बेंग रेल मार्ग ..................................में स्थित है।

**3 . सही जोड़ियाँ बनाइए –** **(1 x 5 =5)**

| 'A' | 'B' |
|---|---|
| (i) विरल जनसंख्या | (अ) कोलकाता |
| (ii) चटाई निर्माण | (ब) ओधोगिक विकास |
| (iii) हेमेटाइट | (स) ध्रुवीय प्रदेश |
| (iv) पश्चिम बंगाल | (द) कुटीर उधोग |
| (v) जमशेदपुर | (ई) लोहा अयस्क |

**4. सत्य / असत्य लिखिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) सैलरी शब्द लैटिन भाषा के सैरिआलम से बना है।

(ii) 14 से 59 वर्ष की जनसंख्या कार्यशील जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करती है।

(iii) स्वेज नहर में प्रतिदिन 200 जलयान आवागमन करते हैं।

(iv) 1951 में जनसंख्या का घनत्व 117 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर था।

(v) चाय एक रोपण कृषि हैं।

(vi) दो देशों के बीच व्यापार को स्थानीय व्यापार कहते हैं।

**5. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए –** **(1 x 6 = 6)**

(i) चुविंगगम को चूसने के बाद शेषबचे भाग को क्या कहते हैं ?

(ii) ऑस्ट्रेलिया में शीतोष्ण घास के मैदान क्या कहलाते हैं ?

(iii) सेवा क्षेत्र का संबंध किस क्रियाकलाप से हैं ?

(iv) जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना हैं ?

(v) जमशेदपुर किस प्रकार का नगर हैं ?

(vi) भारतीय रेल को कितने मण्डलों में विभाजित किया गया हैं ?

**6** मानव भूगोल की एक मान्य परिभाषा लिखिए। **02**

अथवा

पर्यावरणीय निश्चयवाद किसे कहते हैं ?

https://www.mpboardonline.com

7 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कोई दो भौगोलिक कारकों का उल्लेख कीजिए। 02

अथवा

जनसंख्या परिवर्तन के कोई दो घटक लिखिए।

8 जनसंख्या वृद्धि किसे कहते हैं ? 02

अथवा

जनसंख्या घनत्व से क्या तात्पर्य हैं ?

9 पार महाद्वीपीय रेलमार्ग किसे कहते हैं ? 02

अथवा

लाल कॉलर श्रमिक किन्हे कहते हैं ?

10 विनिर्माण उद्योग किसे कहते हैं? 02

अथवा

कुटीर उद्योग की कोई दो विशेषताएं लिखिए।

11 राष्ट्रीय युवा नीति की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 02

अथवा

मुख्य श्रमिक किसे कहते हैं ?

12 महानगर किसे कहते हैं ? 02

अथवा

पर्यटन नगर किसे कहते हैं ?

13 मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले वायु प्रदूषण के कोई दो प्रभाव लिखिए। 02

अथवा

गंदी बस्तियों की कोई दो समस्याएं लिखिए ।

14 सड़क परिवहन के कोई तीन महत्व लिखिए। 03

अथवा

पार साइबेरियन रेल मार्ग की कोई तीन महत्व लिखिए।

15 छोटे पैमाने के उद्योग और बड़े पैमाने के उद्योग में कोई तीन अंतर लिखिए। 03

अथवा

मिश्रित कृषि की कोई तीन विशेषताएं लिखिए ।

16 भारत में श्रमजीवी जनसंख्या संगटन को कितने वर्गों में बांटा गया है ? समझाइए। 03

अथवा

भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई तीन कारणों को समझाइए।

17 भारत में चावल की कृषि के लिए आवश्यक तीन भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए। 03

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय जल नीति की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

https://www.mpboardonline.com

18 भारत में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने वाले कोई चार उपाय लिखिए। 04

अथवा

भारत में खनिजों की प्रमुख चार विशेषताएं लिखिए।

19 विश्व के सीमाकार मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए – 05

(i) पंपास घास के मैदान (ii ) ऑस्ट्रेलिया का डेरी उत्पादक क्षेत्र

(iii) भूमध्य सागर (iv) रूस (v) पनामा नहर

अथवा

विश्व के सीमाकार मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए-

(i) प्रेयरीज घास का मैदान (ii) ट्रांस साइबेरियन रेलमार्ग (iii) कालाहारी मरुस्थल

(iv) स्वेज नहर (v) मास्को

20 भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए - 05

(i) सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व राज्य (ii) नर्मदा नदी

(iii) सर्वाधिक रबड़ उत्पादक राज्य (iv) बंगाल की खाड़ी

(v) इंदिरा गांधी नहर


अथवा

भारत के मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए -

(i) सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य (ii) गंगा नदी (iii) कोलकाता

(iv) चेन्नई (v) सर्वाधिक चाय उत्पादक राज्य

**प्रश्न क्रमांक 19 के लिए विश्व का मानचित्र**




https://www.mpboardonline.com

प्रश्न क्रमांक 20 के लिए भारत का मानचित्र

